पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-11 मंगलवार, दिनांक-06 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण कुछ क्षणों के लिए सदन से बहिर्गमन कर गए ।)

(ii) 11 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 'क' 237 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 144 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन सूचना :-

आसन द्वारा माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना का नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

(कार्यस्थगन की सूचना को अमान्य किए जाने से असंतुष्ट होकर विपक्ष माननीय सदस्यगण वेल में आकर नारेबाजी करने लगे ।)

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(ii) श्री राजकुमार राय
(iii) श्री सतीश कुमार
(iv) श्री जनक सिंह
(v) श्रीमती मंजु हजारी
(vi) श्री राजेश्वर राज

(vii) श्री कृष्णनंदन यादव
(viii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(ix) डॉ० दाऊद अली
(x) श्री विजय कुमार सिन्हा
(xi) श्री बीरेन्द्र सिंह
(xii) श्रीमती लेशी सिंह
(xiii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xiv) श्री श्याम बिहारी राम
(xv) श्री विनोद प्रसाद यादव

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी एवं अन्य सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 24.02.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के मंत्रिमंडल सचिवालय (नागरिक उड्डयन) विभाग से संबंधित दिनांक 24.02.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री रामसेवक सिंह एवं अन्य सभासदों के उर्जा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा सरकार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री नीरज कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन / स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री जल संसाधन विभाग द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[5] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार राज्य वित्तीय निगम के वर्ष 2009-10 के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम का वर्ष 1997-98, 1998-99 एवं 1999-2000 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(इस दरम्यान वेल में शोर-गुल कर रहे विपक्ष के माननीय सदस्यों से आसन द्वारा शांत होने और अपने सीट पर जाने का बार-बार अनुरोध किया जाता रहा, लेकिन विपक्ष के माननीय सदस्यगण वेल में शोर-गुल करते रहे ।)

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक ।

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :- <u>वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u> :-

<u>जल संसाधन विभाग</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा विभाग की अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा राज्य सरकार की जल संसाधन नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री शालिग्राम यादव

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री सुरेन्द्र मेहता
(iii) श्री अवधेश कुमार राय
(iv) श्री राहुल कुमार
(v) श्री रामानंद राम
(vi) श्री रामधनी सिंह
(vii) श्री दुलालचंद गोस्वामी
(viii) डॉ० इजहार अहमद
(ix) श्री विजय कुमार सिन्हा
(x) श्री शिवेश कुमार

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

माननीय मंत्री खान एवं भूतत्व श्री सत्यदेव नारायण आर्य एवं माननीय मंत्री लघु जल संसाधन श्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा द्वारा अपने-अपने विभाग का पक्ष रखा गया ।

जल संसाधन विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा ध्वनिमत से कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग स्वीकृत हुआ ।

[7] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 31 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

[8] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने स्व० रमाकांत झा, पूर्व स०वि०स० के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवार के पास भेज दिया जाय ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 12 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-06.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।